

# ग्राम पंचायत सूजा बरखेड़ा की खुदी पड़ी सड़क

**चार-पांच माह से खुदी पड़ी सड़क से ग्रामीण परेशान**

**नवभारत न्यूज**

**पठारी 9 अगस्त, विगत दिनों नल जल योजना की पाइपलाइन बिछाने का काम पठारी सहित क्षेत्र की ग्राम पंचायत सूजा बरखेड़ा मै किया जा रहा था. जिसे ठेकेदार द्वारा पिछले चार पांच माह से अधूरा छोड़ दिया है सीसी सड़कों को खुदा हुआ छोड़ ने से सूजा ग्राम के नागरिकों को आवा गबन में भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है.**ग्राम सूजा के भगवान सिंह सूरज सिंह लखन आदि नागरिकों ने बताया कि हम लोगों को गांव की सीसी सड़क से निकलने में काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है आए दिन खुदी हुई सीसी सड़क में गिरने से चोटिल हो रहे हैं बारिश का मौसम होने की वजह से सीसी सड़क पर पहाड़ी क्षेत्र होने से यहां पर पानी अधिक मात्रा में पहाड़ों से आता है जो ग्राम की सीसी सड़कों से बहता है रास्ते से निकलने पर यह समझ में नहीं आता कि खुदी हुई सड़क कहां है जिसमें फिसलने पर चोटेल हो जाते हैं.ग्राम पंचायत सूजा बरखेड़ा के सरपंच प्रतिनिधि देवेंद्र यादव ने ठेकेदार से कई बार इस समस्या से अवगत कराया.लेकिन ठेकेदार द्वारा कोई भी संतोष जनक जवाब नहीं मिला.

# शराबियों का ठिकाना बना संजय गांधी महाविद्यालय का प्रांगण




**नवभारत न्यूज**

**गंजबासौदा 9 अगस्त ,शासकीय संजय गांधी स्मृति महाविद्यालय इन दिनों शराबियों चौर बदमाश नशेलों का अड्डा बन गया है.शाम होते ही नशेले प्रांगण में प्रवेश कर जाते हैं और अनैतिक गतिविधियां शुरू हो जाती है. गंजेड़ी चिलमों मैं गांजा भरकर पीना शुरू कर देते हैं. पूरे प्रांगण में गंदगी भरी बड़ी है नवीन भवन के कांच तोड़फोड़ दिए गए हैं.**

नशे की हालत में बदमाश उत्पात मचाते हैं भवन पर पत्थर फेंकते हैं.महाविद्यालय में पदस्थ चौकीदार भयभीत रहता है.अनेक लोग लोग आसपास के अपने वाहन प्रांगण में खड़े करते हैं.कुछ लोगों ने बाउंड्री वॉल भी तोड़ दी है पानी निकास के रास्ते भी नहीं है.इस कारण बरसात में कीचड़ मची रहती है.बाहरी लोगों का भी रात्रि में आना जाना लगा रहता है.देख रेख के अभाव में महाविद्यालय की यह दुर्गति हो रही है.महाविद्यालय प्रबंधन द्वारा पुलिस में शिकायत नहीं की जाती क्यों की बदमाश कब क्या कर दें कहा नहीं जा सकता.

## एक नजर में

### मदरसा छात्रों ने किया पौधरोपण



**नवभारत न्यूज**

**गंजबासौदा**, नगर के वार्ड 8 में मदरसा अशरफुल तालीम के छात्रों वह मुस्लिम समाज जिम्मेदारों ने वार्ड 8 में स्थित शीशगर कब्रिस्तान में आज वृक्षारोपण किया गया जिसमें मदरसा छात्रों सहित समाज जन ने वृक्षारोपण के उपरांत दुआ की दुआ में शामिल अजीज, मुन्ना ,हाजी हलीम सैयद शफकत ,समीर ,' एकतेदार अली मोहम्मद शाद जाकिर शाह सहित अन्य लोग मौजूद रहे.

### हर्ष उल्लास से मनाया गया रक्षाबंधन का पर्व



**नवभारत न्यूज**

**सांची**, नगर में भाई बहन के पर्व रक्षाबंधन की धूम चारों तरफ देखने मिला बहनों ने अपने भाई की कलाई पर शुभ मुहूर्त में राखी बांधी एवं अपनी रक्षा की कामना की इस वर्ष रक्षाबंधन के पावन पर्व पर शुभ मुहूर्त दोपहर 1.30 बजे से शुरू हुआ जो शाम तक चलता रहा इस बीच में हर घर में बहनों ने अपने-अपने भाइयों को राखी बांधी एवं उनके कुशलता की कामना ईश्वर से की राखी के पर्व पर नगर में जमकर चहल-पहल देखने मिला बहने अपने भाइयों को राखी बांधने के लिए दूर-दूर से पहुंची नगर में रक्षाबंधन के पर्व को बड़े हीउल्लास के साथ मनाया गया.

# रक्षाबंधन करुणाबंधन कार्यक्रम में धर्मगुरुओं ने किया बच्चों की सुरक्षा का सामूहिक आव्हान

**नवभारत न्यूज**

**गंजबासौदा**, सत्यार्थी मूवमेंट फॉर ग्लोबल कम्पैशन के तहत शुक्रवार को पत्रकार भवन क्लब पार्क में रक्षाबंधन करुणाबंधन कार्यक्रम आयोजित हुआ, जिसमें विभिन्न धर्मों के पूज्य धर्मगुरुओं ने एक स्वर में बच्चों को शारीरिक, मानसिक, सामाजिक और धार्मिक शोषण से बचाने का आह्वान किया.कार्यक्रम में पंडित अरविंद अवस्थी, मौलवी मोहम्मद शाकिर हाफिज, गुरुद्वारे से संत राजाराम मस्ताना, आर्य समाज से सूर्यप्रकाश जी तथा चर्च से फादर सिवेश्चियन ने भाग लिया.सभी ने कहा कि भले ही परंपराएं और मान्यताएं अलग हों, लेकिन सभी धर्मों का सार करुणा है, जो मानवता को जोड़ती है.बाल मित्र ग्रामों से आए बच्चों ने फूलमालाओं से धर्मगुरुओं का स्वागत किया, वहीं बालिकाओं ने राखी बांधकर उनसे अपने समुदायों में बच्चों की सुरक्षा हेतु सार्वजनिक आवाहन करने की अपील की.सत्यार्थी मूवमेंट के वरिष्ठ प्रबंधक डॉ. प्रवेश शर्मा ने बताया कि यह पहल नोबेल शांति पुरस्कार से सम्मानित कैलाश सत्यार्थी के करुणा के वैश्वीकरण के दर्शन को आगे बढ़ाने का प्रयास है, जिसका उद्देश्य समाज में एकता, भाईचारे और मानवता के मूल्यों को करुणा की परिवर्तनकारी शक्ति से पुन: स्थापित करना है.कार्यक्रम में सत्यार्थी मूवमेंट फॉर ग्लोबल कम्पैशन गंजबासौदा से परियोजना समन्वयक श्रीकांत यादव, जिला समन्वयक अब्दुल कादिर खान, परियोजना अधिकारी अंकित शर्मा, कैलाश नारायण साहू, हजारीलाल पाटस्कर, सरोज विश्वकर्मा, मनीषा पंथी, दीपक मिश्रा, गोविंद कुशवाह, रवीन्द्र कुशवाह, शुभेन्द्र यादव और खिराज लोधी सहित कई कार्यकर्ता उपस्थित रहे.

## बच्चों ने विभिन्न प्रकार की प्रतियोगिता में लिया भाग

**नवभारत न्यूज**

**पठारी**,भाल वामोरा के शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय मै विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया जिसमें घर-घर तिरंगा पर हुई प्रतियोगिता एवं निबंध चित्रकार भाषण के तहत तिरंगे पर बच्चों ने अपने-अपने विचारों को जहां कागज पर लिखा तो वहीं चित्रकला के माध्यम से तिरंगे को रंगों से भरकर एवं अपने विचारों से तिरंगे और वीर सैनिकों के प्रति महत्व को बताया इस प्रतियोगिता के निबंध में सानिया बी चित्रकार में मधु एवं द्वितीय स्थान गीता कुशवाहा अनुष्का साहू रही.

# कांवड लेकर निकले भोले के भक्त, शिव केजयकरों से गूंजा शहर

**नवभारत न्यूज**

**विदिशा, अयोध्या नगर में शुक्रवार को शिवाय मैत्री मंडल के तत्वावधान में ब्रह्म मुहूर्त में सुबह 5 बजे चरणतीर्थ से राजपूत कॉलोनी तक भव्य कांवड़ यात्रा का आयोजन किया गया। इस अवसर पर बड़ी संख्या में शिवभक्तों ने भाग लिया और हर-हर महादेव के जयकारों से पूरा वातावरण शिवमय हो उठा.**

कांवड़ लेकर चल रहे श्रद्धालु मार्ग में पड़ने वाले विभिन्न शिवालयों में जलाभिषेक करते हुए आगे बढ़ते रहे. यात्रा के दौरान ढोल-नगाड़ों की गूंज, भजनों की मधुर धुन और शिव वंदना ने धार्मिक उत्साह को चरम पर पहुंचा दिया.शिवाय मैत्री मंडल के सदस्य सोनू सेन, नीरज राजपूत, हर्ष विश्वकर्मा, नवीन सेन, बृजेश सेन, अमन गोस्वामी, अंकित बैरागी और सोनू चौरसिया ने भी सक्रिय रूप से भाग लिया और व्यवस्था संभालने में अहम योगदान दिया. शिवाय मैत्री मंडल के सदस्यों ने पूरे मार्ग में श्रद्धालुओं के लिए जलपान और प्रसाद की व्यवस्था की, जिससे वातावरण में सेवा और भक्ति का अनूठा संगम देखने को मिला.

# राखियों में दिखा बहन-भाई का प्रेम और हाथों पर मुस्काई मेहन्दी

**सैण्ट एसआरएस स्कूल में राखी और मेहंदी सजाओ प्रतियोगिता सम्पन्न**

**नवभारत न्यूज**

**गंजबासौदा,** रक्षाबंधन पर्व के शुभ अवसर की पूर्व वेला में सैण्ट एस.आर.एस पब्लिक हायर सैकेण्डरी स्कूल के सभागार में राखी बनाओ और मेहन्दी सजाओ प्रतियोगिता का आयोजन किया गया. जिसमें संस्था के सैकड़ों छात्र छात्राओं ने एनएसएस बालिका प्रभारी श्रीमती रजनी गुप्ता और प्रियंका अग्रवाल के निर्देशन में सहभागिता करते हुए जहां प्राकृतिक संसाधनों से रंग-बिरंगी राखियों को तैयार किया गया और रक्षासूत्रों में भाई-बहन के अमिट प्रेम को छात्र-छात्राओं ने उभार दिया व छात्र छात्राओं द्वारा तैयार राखियों की प्रदर्शनी भी लगाई गई. छात्र-छात्राओं के साथ शिक्षक परिवार ने प्रदर्शनी का भी अवलोकन किया.इसके बाद संस्था में मेहन्दी सजाओ प्रतियोगिता का आयोजन किया गया. जिसमें छात्राओं ने अन्य छात्राओं के हाथों पर आकर्षक मेहन्दी सजाई. मेहन्दी के रंगों के साथ खुशबू बिखरी, बल्कि सुंदर सुन्दर आकृतियां भी उभरती नजर आई.कार्यक्रम के अंत में संस्था डायरेक्टर केएस यादव, प्राचार्य उमेश चंद्र यादव, एन.एस.एस बालक-बालिका ईकाई प्रभारी कृष्ण पाल सिंह चौहान, सुपार्श जैन, गोविंद कुशवाह, मनोज श्रीवास्तव, संगीत शिक्षक शंभु गिरि गोस्वामी, कुंती राव, डाली तिवारी सहित शिक्षक परिवार ने सभी बच्चों को शुभकामनाएं दी.

## तुलसीकृत रचनाओं की हुई प्रस्तुतियां

**नवभारत न्यूज**

**विदिशा,** स्थानीय साकेत विद्यालय में हुई प्रतियोगता कार्यक्रम के पूर्व,छात्रों से रामचरित मानस के प्रसंगों में से भरत लड्डा एवं प्रकाश पाठक द्वारा प्रश्न पूंछे गये,जिनका सही उत्तर देने वाले को सजंय पांडे एवं अरविंद द्विवेदी द्वारा तत्क्षण पुरुस्कृत किया गया.कार्यक्रम में साकेत सरस्वती शिशु मंदिर सरस्वती नगर तलैया,साकेत शिशु रंजन के छात्रों ने सहभागिता की.तुलसीकृत रचनाओं से गायन प्रतियोगिता का कार्यक्रम आयोजित हुआ. प्रतियोगिता में मिडिल एवं हायर-2 वर्ग बनाये गए है. जिनमें प्रथम, द्वितीय, त्रितीय पुरस्कार दिये जायेंगे.इस अवसर पर सरस्वती शिशु मंदिर के प्राचार्य आनंद वर्मा, संजय पांडे, भरत लड्डा,अरविंद द्विवेदी की विशिष्ट उपस्थिति रही. आशुतोष पाठक सुमंत भार्गव,गौरव सोनवलकर का विशेष सहयोग रहा.कार्यक्रम का अपनी मधुर वाणी से संचालन विद्यालय की सुश्री शैली अग्रवाल ने किया.प्रकाश पाठक ने कार्यक्रम के अंत में आभार प्रकट किया.उक्त जानकारी प्रो अरविंद द्विवेदी ने प्रदान की.

# नौलखी में घनश्याम और नारायण की गम्मत से होगा झूलन उत्सव का समापन

**नवभारत न्यूज**

**गंजबासौदा, सावन के पावन मौके पर वेत्रवती घाट स्थित नौलखी धाम आश्रम पर आयोजित हो रहे 15 दिवसीय झूलन महोत्सव का समापन 10 अगस्त रविवार को जिले के जाने माने सुप्रसिद्ध गम्मत गायक कलाकार घनश्याम महाराज और नारायण महाराज की जोड़ी के साथ प्रसिद्ध वायलिन वादक सलीम भाई की शानदार प्रस्तुति से होगा.गम्मत का यह रंगारंग कार्यक्रम शाम 5 बजे से शुरू होकर देर रात तक चलेगा.**

झूलन उत्सव पर आश्रम में आयोजित हो रहे उत्सव के दौरान अभी तक श्री ठाकुर जी के विग्रह के अलावा राधा कृष्ण की जीवंत झांकी ही झूले में झूल रही थी लेकिन समापन के मौके पर अयोध्या की परंपरानुसार श्री सीताराम जी की जीवंत झांकी को भी झूले में बैठाया जाएगा जिसे उनके परम भक्त हनुमान जी महाराज के साथ-साथ भक्तों द्वारा झूला झुलाया जाएगा.



मालूम हो कि नौलखी धाम आश्रम में सावन के पवित्र मौके पर हरियाली तीज से ब्रज और अवध की परंपरा के अनुसार झूलन उत्सव मनाया जा रहा है जिसका समापन 10 अगस्त को किया जाएगा. झूलन के समापन उत्सव को भव्यता और दिव्यता से मनाने के लिए आश्रम में भक्तों द्वारा जोर-शोर से तैयारियां की जा रही हैं. आश्रम में 15 दिवसीय झूलन उत्सव के दौरान अभी तक नगर की विभिन्न भजन मंडलियों के साथ-साथ जिले के अलावा प्रदेश के भी कलाकार भी अपनी प्रस्तुतियां देने आ चुके हैं.आश्रम के महंत राम मनोहर दास जी महाराज ने बताया कि सनातन परंपरा में झूला उत्सव भगवान को अति प्रिय है और उनकी प्रसन्नता के साथ साथ उनके भक्तों को सुख और आनंद मिले इसके लिए ही उत्सव किए जाते हैं.आश्रम समिति ने श्रद्धालुओं से झूलन उत्सव के समापन पर उपस्थित रहने की अपील की है.

## श्री कुश जयंती महोत्सव पर आज निकलेगी शोभायात्रा

**नवभारत न्यूज**

**विदिशा,** कुशवाह महासभा जिला विदिशा के तत्वावधान में श्री कुश जयंती महोत्सव 10 अगस्त रविवार को भगवान लव कुश जयंती सत्संग भवन पुराना बस स्टैंड में मनाई जाएगी.जिला मीडिया प्रभारी सुरेंद्र कुशवाह ने बताया कि प्रात: 10 बजे भगवान लव कुश की पूजन वंदना होगी. वहीं सत्संग भवन से दोपहर 12 बजे शोभायात्रा अखाड़ा प्रदर्शन, डीजे बैंड, लहंगी नृत्य टोली के साथ शोभा यात्रा निकाली जावेगी.कुशवाह महासभा के जिला संयोजक पूरनसिंह कुशवाह, अध्यक्ष झब्बूलाल कुशवाह,महामंत्री जवाहर सिंह कुशवाह, भीकमसिंह कुशवाह, ने कुशवाह समाज के सभी समाजजनों से समारोह में शामिल होने का आग्रह किया है.

# खाताधारक के खाता को सुरक्षित एवं चलायमान रखने के लिए ईकेवायसी जरूरी-रीजनल हेड रेखा

**नवभारत न्यूज**

**नटेरन, नटेरन जनपद सभागृह में भारतीय स्टेट बैंक जन सुरक्षा कैंप लगाया गया जिसमे भारतीय रिज़र्व बैंक आरबीआई के क्षेत्रीय निदेशक सुश्री रेखा चंदनावेली तथा भारतीय स्टेट बैंक, भोपाल सर्किल, नेटवर्क-1 के महाप्रबंधक कुंदन ज्योति क्षेत्री महा प्रवंधक विनय कुमार एसडीएम अजय पटेल लीड बैंक प्रबंधक भगवान सिंह बघेल जनपद अध्यक्ष प्रतिनिधि यशपाल रघुवंशी मुख्य रूप से उपस्थित रहे.नटेरन ब्रांच के प्रबंधक मयंक द्विवेदी द्वारा पुष्प गुच्छ से स्वागत किया.**




कैंप के दौरान रीजनल हेड सुश्री रेखा चंदनावली ने भारतीय रिजर्व बैंक का नियम है कि 10 साल बाद खाते को अपडेट किया जाता है अपडेट के लिए ईकेवायसी बहुत जरूरी और आवश्यक है अगर हम केवायसी नही करवाएंगे तो हमारा खाता असुरक्षित हो जाएगा 10 मिनिट की बहुत सिंपल प्रक्रिया है क्योस्क सेंटर पर पहुंचकर केवायसी होना जरूरी है शासन द्वारा मिलने बाली हितग्राही मूलक योजनाओं का पैसा बिल्कुल बंद हो जाएगा ईकेवायसी होगा तब ही हमारा खाता सुरक्षित होगा.क्षेत्रीय महाप्रबंधक भोपल कुंदन ज्योति ने बताया कि जन सुरक्षा कैंप के द्वारा आपकी बैंक आपके द्वारा पहुंचकर आपके गांव में ही खाताधारको के खातों की ई के वाय सी का कार्य किया जा रहा है.यह बहुत आवश्यक है. सभी खाता धारक से आग्रह है कि बैंक द्वारा 20 रुपए का बीमा आवश्यक रूप से करवाएं एवं 436 का जीवन ज्योति बीमा इन दोनो योजनाओं का लाभ अवश्य लें.महाप्रबंधक कुंदन ज्योति प्रधानमंत्री जन धन योजना के खातों को लगभग 10 वर्ष हो चुके है.आरबीआई के नियमानुसार 10 वर्ष के बाद खाते का अपडेट होना बहुत जरूरी है जिसके लिए ई के वाय सी करवाना आवश्यक है.इस अवसर पर अभिजीत अश्विनी कुमार रामू सिलावट शिवम सिंह प्रतीक गुप्ता क्योस्क संचालक रमाकांत तिवारी सतीश कुशवाह कैम्प मे स्थानीय बैंक शाखाओं के अधिकारी उनके बी.सी. कियोस्क सहित उपस्थित हुए कैम्प में सीधे उक्त योजनाओं के पंजीयन किए गए. विशेष तौर से खातो में के.वाय.सी. कराना एवं अपरिचालित खातो को प्रचलित करने का कार्य मुख्य रूप से किया गया.

**शिकायत** | **बीते दिन बिजली दफ्तर में तालाबंदी को लेकर मंडल अधिकारी ने की शिकायत**

# किसानों पर सरकारी कार्य में बाधा की पुलिस से की शिकायत

**नवभारत न्यूज**

**सांची,** बीते शुक्रवार को ग्रामीण क्षेत्रों में किसानों को बिजली आपूर्ति न होने को लेकर किसानों मे रोष बढ़ गया था तथा इतना बढ़ा कि किसानों ने बिजली दफ्तर पहुंच कर बिजली कर्मचारियों को दफ्तर से बाहर निकाल कर दफ्तर में ताला जड़ दिया था.इसी मामले को लेकर आज मंडल अधिकारियों ने नाराजगी जताते हुए अपनी ओर से किसानों पर सरकारी कार्य में बाधा उत्पन्न करने को लेकर पुलिस मे शिकायती आवेदन सौपा है.

जानकारी के अनुसार इन दिनों बरसात थमने एवं किसानों को बिजली आपूर्ति न होने से तब गुस्सा फूट पड़ा जब चौबीस घंटे में मात्र 6 घंटे ही आपूर्ति की जा रही हैं जिससे किसानों की धान सोयाबीन फसलों पर संकट मंडराने लगा तथा किसानों की फसलों के चौपट होने का खतरा बढ़ गया इससे किसानों मे गुस्सा बढ गया तथा किसानों ने बिजली दफ्तर पहुंच कर



कर्मचारियों से बात की परन्तु संतुष्ट न होने पर बिजली कर्मचारियों को दफ्तर से बाहर निकाल कर दफ्तर में ताला जड़ दिया.जब सहायक प्रबंधक मनीष कुमार दफ्तर पहुंचे तो कर्मचारियों ने आप बीती सुनाई तब सहायक प्रबंधक ने इस मामले में शामिल लोगों के विरुद्ध पुलिस मे आवेदन देकर कार्यवाही की मांग की ।आवेदन मे कहा गया है कि 33 केवी ऐरन उपकेंद्र पर पहुंच कर कुछ लोगों ने बांसखेडा सिलवाहा फूलबाग के लोगों द्वारा प्रदर्शन करते हुए वहां उपस्थित कर्मचारियों विकास मेहरा एवं लाइन मेन अरुण अहिरवार के साथ झूमाझटकी एवं धक्का मुक्की की.जिससे सरकारी कार्य में बाधा उत्पन्न हो गई तथा सभी फीडर बंद करा दिये गए जिससे क्षेत्र में विद्धुत आपूर्ति बंद हो गई इसके उपरांत सांची बिजली कार्यालय पहुंचकर प्रदर्शन करते हुए दफ्तर में घुस गए एवं कार्यरत कर्मचारियों को दफ्तर से बाहर निकाल कर ताला जड दिया गया. जबकि दफ्तर में बिजली बिल जमा किये जाते है तथा लाखों रुपए की राशि रहती है इस कृत्य से बडी घटना घट सकती थी तथा लूटपाट जैसा मामला सामने आ सकता था इसके साथ ही कैशियर के साथ दुर्व्यवहार किया गया सांची 33 केवी केंद्र पर हंगामा किया गया एवं सभी फीडर बंद करा दिये गए जिससे लंबे समय तक आपूर्ति बाधित हुई.इनमे लगभग 25-30 लोग बताये जाते है उनमें शामिल अनिल पिता तेजनारायण बघेल निवासी फूलबाग बादाम सिंह पिता तुला राम निवासी फूलबाग सोहेल खान पिता बिलाल मो निवासी सिलवाहा दानिश पिता युनूसखान निवासी शेख उसामा पिता शेख वहीद खान सहित अन्य साथी शामिल थे.शिकायती पत्र मे मांग की गई हैं कि सरकारी कार्य में बाधा एवं विद्धुत आपूर्ति बंद करवाने को लेकर उचित कार्यवाही की जाये.

### इस मामले में इनका कहना

मनीष कुमार सहायक प्रबंधक वि वि कंपनी सलामतपुर सांची का कहना है कि शुक्रवार को एक बजे के दौरान 25-30 बांसखेडा सिलवाहा एवं फूलबाग के लोगों द्वारा ऐरन मे कार्यरत कर्मचारियों से झूमाझटकी करते हुए फीडर बंद करा दिये गए जिससे बिजली आपूर्ति बाधित हुई इसके बाद सांची केंद्र पर भी प्रदर्शन करते हुए दफ्तर से कर्मचारियों को बाहर निकाल दिया गया जबकि उस समय दफ्तर में बिल वसूली की राशि भी रखी हुई थी एवं दफ्तर में ताला लगा दिया गया जिससे कार्य बाधित रहा. हमनें पुलिस को पत्र भेजकर कार्यवाही की मांग की है. वहीं जेपी त्रिपाठी थाना प्रभारी सांची का कहना है कि बिजली दफ्तर में ताला लगाने को लेकर मंडल अधिकारियों का आवेदन आया है हम इस मामले की विवेचना कर रहे है तथा जो भी शामिल होगा नियमानुसार कार्यवाही की जायेगी.

# ऑटो चालकों को राखी बांधकर मनाया रक्षाबंधन

**नवभारत न्यूज**

**सिरोंज,**निर्मला कॉन्वेट हायर सेकेण्डरी स्कूल में रक्षाबंधन त्योहार के अवसर पर ऑटो चालकों को छात्राओं ने राखी बांधकर रक्षाबंधन का त्योहर मनाया गया. कार्यक्रम का प्रारंभ विद्यालय के संगीत ग्रुप के द्वारा प्रार्थना गीत के साथ किया गया. शिक्षक प्रकाश नारायण शर्मा के द्वारा रक्षाबंधन त्योहर के महत्व पर प्रकाश डाला. इसके उपरांत विद्यालय की छात्रों के द्वारा सभी उपस्थित ऑटो, बस चालकों के माथे पर तिलक लगाकर उनको राखी बांधी. विद्यालय के प्रबंधक फादर एण्टोनी ने रक्षाबंधन त्योहर के महत्व पर प्रकाश डाला. कार्यक्रम को विद्यालय की हेडगर्ल सिद्धी रघुवंशी के द्वारा भी संबोधित किया गया. कार्यक्रम के अंतर्गत विद्यार्थियों के द्वारा राखी के महत्व को प्रदर्शित करते हुये लघु नाटिका एवं नृत्य की प्रस्तुति दी गई. इस अवसर पर ऑटो चालको के बीच खेल प्रतियोगिता भी आयोजित की गई. जिसमें वाहन चालक सलमान, वसीम एवं ज़ाकिर विजय रहे. विद्यालय की प्राचार्य सिस्टर टेन्सी ने विजयी वाहन चालको को पुरुस्कार देकर सम्मानित किया. कार्यक्रम में आभार प्रदर्शन वाहन चालक रवि के द्वारा किया गया. इस अवसर पर विद्यालय के उप प्राचार्य सिस्टर लिमी, के.जी. इंचार्ज सिस्टर जैशा सहित अन्य शिक्षक शिक्षिकायें उपस्थित रहीं.

**बहुउद्देशीय प्राथमिक कृषि साख सहकारी समिति मर्यादित बी पेक्स बर्रीघाट**

पंजीयन 8427/16/10/1957 :: वार्षिक सूचना पत्र:: दिनांक 8/8/2025

बहुउद्देशीय प्राथमिक कृषि साख सहकारी समिति मर्यादित बर्रीघाट के सभी अंशधारी सम्माननीय सदस्यों को सूचित किया जाता है कि संस्था की वार्षिक आमसभा का आयोजन दिनांक 29/8/2025 दिन शुक्रवार को दोपहर एक बजे से संस्था कार्यालय बर्रीघाट गुलाबगंज में संस्था के ठहराव क्रमांक 132 दिनांक 8/8/2025 के अनुसार तय की गई है। गणपूर्ती कोरम के अभाव में बैठक स्थगित होने की दशा में आम सभा की बैठक उसी दिन उसी स्थान पर आधा धंटे पश्चात होगी जिसमें गणपूर्ती की आवश्यकता अनिवार्य नहीं होगी। बैठक का विस्तृत एजेंडा सभी सम्माननीय सदस्यों को डाक द्वारा भेजा जा रहा है। बैठक में आपकी उपस्थिति प्रार्थनीय है।

**शिवराज सिंह राजपूत**
समिति प्रबंधक
बी पेक्स बर्रीघाट

**किशोर कुमार अहरवाल**
प्रशासक
बी पेक्स बर्रीघाट

♦ शव वाहन / फ्रीज़र
♦ ब्लड ग्रुप लिस्ट
♦ मरीज इलाज उपकरण
♦ पुराने लेकिन पहनने योग्य वस्त्र
♦ देहदान नेत्रदान संकल्प के लिए
नि:शुल्क सेवा
शेरपुरा विदिशा में विकास पचौरी फोटो स्टूडियो के बगल में स्थित सुनो रेडियो स्टेशन पर संपर्क करें.
बजने लगा है
विकास पचौरी फाउण्डेशन द्वारा प्रसारित
सुनो RADIO
प्ले स्टोर से डाउनलोड करके जुड़िये सुनो RADIO से